/

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ


प्रशासनिक सेवा भवन

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८००००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R) 227873
महासचिव : 220227 (O) 22477, 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

महासचिव
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद


Truth Will Triumph

पत्र संख्या 39

पटना
दिनांक 23-7-2001

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 22 जुलाई 2001 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक श्री डब्लू0 एन0 सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 28 अक्तूबर 2000 के सरकार के साथ हुए समझौते के कार्यान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष एवं महासचिव के द्वारा यह जानकारी दिये जाने पर कि समझौते के किसी भी बिन्दुओं का कार्यान्वयन आज तक नहीं हो पाया है जबकि 31 दिसम्बर 2000 तक ही हो जाना था, संघ के सभी सदस्य काफी मर्माहत एवं आक्रोशित हुए तथा सरकार को विरोध पत्र लिखते हुए 15 अगस्त 2001 तक समझौते के सभी बिन्दुओं यथा सभी स्तरों पर प्रोन्नति की अधिसूचना निर्गत करने, जिला पदाधिकारी के पद पर सदस्यों को पदस्थापित करने, प्रोन्नति की प्रक्रिया को सरल बनाने तथा अन्य बिन्दुओं के कार्यान्वयन हेतु समय देने का निश्चय किया गया। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि सरकार को एक अल्टीमेटम दे दिया जाय कि 31 अगस्त 2001 के बाद हम आन्दोलन करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी सारी जिम्मेवरी सरकार की होगी।

बैठक में 2 महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई :-

(क) सरकार द्वारा विश्वविद्यालय शिक्षकों को 8000-13500 का वेतनमान स्वीकृत कर अधिसूचना निर्गत कर दिया गया है। बिहार प्रशासनिक सेवा के सदस्यों को भी सरकार द्वारा यह आश्वस्त किया गया था कि राज्य सरकार के किसी भी पदाधिकारी/कर्मचारी को अगर यह वेतनमान दिया जायेगा तो सबसे पहले बिहार प्रशासनिक सेवा को स्वीकृत होगा। यू0जी0सी0 और केन्द्रीय वेतनमान दोनों एक ही है और राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय शिक्षक एवं कर्मचारियों को

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

**प्रशासनिक सेवा भवन**
**जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१**


दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O)
286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू० एन० सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी० एल० दास )

Truth Will Triumph

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद


पत्र संख्या............................ पटना
दिनांक..................................

राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारी घोषित कर रखा है ऐसी स्थिति में सरकार से यह अनुरोध करने का निर्णय लिया गया कि वादा के अनुसार हमारे संघ के सदस्यों के लिए 8000-13500 के वेतनमान की अधिसूचना सरकार शीघ्र निर्गत करे ।

{ख} केन्द्रीय सरकार की अधिसूचना के अनुसार डेनिक्स/डेनिप्स के पदाधिकारियों हेतु 8000-135000 के वेतनमान को ग्रूप "बी" की सेवा मानी गई है। यह जारि है कि बिहार प्रशासनिक सेवा को भी सरकार ने डेनिक्स/डेनिप्स से तुलना करते हुए ग्रूप "बी" की सेवा माना है और इसका आधार फिटमेण्ट सह वेतन पुनरीक्षण समिति की अनुशंसा है । जब केन्द्र में 8000-13500 के वेतनमान को ग्रूप "बी" की सेवा मानी गई है और बिहार सरकार ने हमें भी ग्रूप "बी" की सेवा मान ही लिया है तो संघ का अनुरोध है कि हमारे बेसिक ग्रेड के पदाधिकारियों के लिए 2200-4000 के पुनरीक्षित 8000-13500 के वेतनमान की अधिसूचना शीघ्र निर्गत करे ।

विगत कुछ महीनों में राजनीतिज्ञों तथा उनके बरदहस्त प्राप्त छूटभैया नेताओं यानी मंत्री, सांसद, विधायक, जिला परिषद् के अध्यक्ष, मुखिया तथा अन्य लोगों के द्वारा राज्य के राजपत्रित पदाधिकारी/कर्मचारियों के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार पर भी असंतोष व्यक्त किया गया । सर्व सम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि, सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाये अन्यथा प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा जायेगी और राज्य के सारे विकास कार्य ठप्प हो जायेंगे । सरकार से यह भी कहने का निर्णय लिया गया कि जिस तरह मीरगंज{गोपालगंज}, पूर्णियाँ एवं मुजफ्फरपुर जिला के विधायक के विरूद्ध सख्त कदम उठाया गया है उसी तरह अन्य जगहों पर भी ऐसी घटनाओं के विरूद्ध सख्त कदम उठायें ताकि इस प्रकार की घटनाओं

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र
संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा
कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

महासचिव
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

Truth Will Triumph

पत्र संख्या............................ पटना
दिनांक................................

का अंजाम देने वाले ऐसा नहीं करने को मजबूर हो सकें ।

संघ ने सर्वसम्मति से सरकार के समक्ष पुनः यह मांग रखने का निर्णय लिया है कि " पिछले वर्ष 66 दिनों की हड़ताल संघ द्वारा क्यों की गई और इसके लिए कौन विभाग अथवा पदाधिकारी जिम्मेवार हैं तथा ~~व~~ गत वर्ष हुए समझौते का समय पर कार्यान्वयन नहीं होने के लिए कौन जिम्मेवार हैं इसकी जाँच के लिए एक सिटींग जज की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति बनायी जाय ताकि आगे कोई हड़ताल न हो पाये " ।

केन्द्रीय कार्यकारिणी ने अध्यक्ष एवं महासचिव को प्राधिकृत किया कि वे कार्मिक सचिव, मुख्य सचिव एवं माननीया मुख्य मंत्री जी से मिलकर लम्बित मांगों की पूर्त्ति के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह करें । संघ की अगली बैठक 2 सितम्बर 2001 को बुलाने का निर्णय लिया गया, जिसमें पुनः समीक्षा कर आगे के कार्यक्रमों के लिए निर्णय लिया जा सके ।

गं॰ला॰दास 22.7.2001

[जी०एल० दास]
महासचिव ।

[डब्लू० एन० सिंह]
अध्यक्ष ।

ज्ञापांक 39 / पटना, दिनांक 23-7-2001

प्रतिलिपि- निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, सम्पादक सभी हिन्दी/अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र/ ब्यूरो प्रमुख, पी०टी०आई०/यू०एन०आई०/एक्सप्रेस मिडिया सर्विस को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित ।

गं॰ला॰दास 22.7.2001

महासचिव । अध्यक्ष ।